ध्यान रखेंगे तेरा तू शिव का ध्यान लगाये जा

ध्यान रखेंगे तेरा तू शिव का ध्यान लगाये जा,
बाकी सब शिव देख्नेगे तू शिव शिव गाये जा,
ध्यान रखेंगे तेरा तू शिव का ध्यान लगाये जा,

जब मन होगा तेरा शिवाला तब शिव दर्श दिखाएंगे,
अलख नीराजन भव भए भंजन क्वज तेरा बन जाएगा,
शिव सुमिरन का अमृत पे के मन की प्यास भुजाये जा,
बाकी सब शिव देख्नेगे तू शिव शिव गाये जा,

तू ही शिव का हो ना पाया शिव तो युगो से तेरे है,
आती जाती इन सांसो में शिव शम्भू के डेरे है,
अपनी श्रदा का गंगा जल शिव पिंडी पर चढ़ाये जा,
बाकी सब शिव देख्नेगे तू शिव शिव गाये जा,

शिव भक्ति पथ शिव मुक्ति पथ शिव ही तारणहार है,
क्या तेरे क्या मेरे बंधू शिव ही पालनहारे है,
बात है जो समजाइ मैंने तू सब को समजाये जा,
बाकी सब शिव देख्नेगे तू शिव शिव गाये जा,

शिव जैसा कोई मीत नहीं है शिव जैसा कोई गीत नहीं
शिव डेरी से जयदा पावन और कोई संगीत नहीं,
इस लेहरी में लहर तू मन की आठो याम मिलाये जा,
बाकी सब शिव देख्नेगे तू शिव शिव गाये जा,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11608/title/dhyaan-rakhege-tere-tu-shiv-ka-dhyaan-lgaaye-ja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |